(ग) क्या सरकार का विचार इन लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जुल्फिकार उल्लाह) : (क) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम (ए० आर० डी० सी०) की छोटी सिंचाई के प्रयोजनों विषयक योजना के अधीन ऋण वापसी की अवधि ऋणकर्ता की अदायगी की क्षमता और ऋण से प्राप्त होने वाली सम्पत्तियों के जीवनकाल की अवधि के आधार पर तय की जाती है । पम्प-सैटों की खरीद के लिए यह अवधि 7 वर्ष होती है जब कि दूसरे छोटे सिंचाई के पूंजी निवेशों जैसे कुओं आदि के लिए ऋण वापसी की अधिकतम अवधि 9 वर्ष होती है, साथ ही छोटे किसान इस प्रकार के ऋण 15 वर्ष तक की अवधि के लिए ले सकते हैं । वाणिज्यिक बैंक कृषि ऋणों की किस्त की वापसी अदायगी के समय ब्याज लेते हैं और मौजूदा देय राशियों पर चक्रवर्ती ब्याज नहीं लेते । अलबत्ता जब इस तरह के सावधिक ऋणों की किस्त अति देय (ओवरड्यू) हो जाती है तो चक्रवर्ती ब्याज वसूल किया जाता है ।

(ख) और (ग) . साधारणत एक अन्तः सम्बद्ध व्यवस्था होती है, जिसमें सार्वजनिक या सहकारी क्षेत्र में संगठित हाट व्यवस्था उपलब्ध होने पर ऋणकर्ताओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी उपज सम्बद्ध संगठनों की मार्फत बेचें और वे संगठन ऋणकर्ताओं की देय राशियों को उपज की बिक्री में से वसूल कर लें । डेरी फार्म वालों को इस प्रकार बेचे गये दूध पर, उनके दूध में चिकनाई के आधार पर दूध की मात्रा के अनुसार अदायगी की जाती है । जहां कहीं इस तरह की हाट व्यवस्था उपलब्ध नहीं है और ऋणकर्ता अपनी उपज स्थानीय तौर पर या निजी तौर पर बेचते हैं वहां बैंक/सोसाइटी का स्टाफ किस्तें वसूल करता है और राज्य सरकार के अधिकारियों की भी मदद ली जाती है ।

जिला स्तर पर, जिला स्तरीय समिति और राज्य स्तर पर, राज्य स्तरीय समन्वय समिति से आशा की जाती है कि वे समय-समय पर होने वाली अपनी बैठकों में वित्तीय अभिकरणों के बीच विभिन्न राज्य-कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का समन्वय करें और इन बैठकों में योजनाओं के कार्यचालन में आने वाली समस्याओं और कठिनाइयों को दूर करने की दृष्टि से चर्चा भी की जा सकती है ।

**आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु में समुद्री तूफान की सूचना**

769. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु में हाल ही में आये समुद्री तूफान के बारे में पूर्व सूचना प्राप्त थी और क्या सरकार इसके बावजूद भी इन स्थानों पर सुरक्षा के उचित उपाय नहीं कर सकी;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या इस सम्बन्ध में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की जा रही है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 12-5-79 को आंध्र प्रदेश में आए दक्षिण तटवर्ती समुद्री तूफान के बारे में 48 घण्टे पहले चेतावनी जारी कर दी थी । प्रेस रिपोर्टों के अनुसार राज्य सरकार ने सेना की सहायता से प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को निकालने के लिए पहले ही और तुरन्त ऐसी कार्यवाही शुरू कर दी थी जिससे बड़े पैमाने पर लोगों की जान बचाई जा सकी ।

(ख) और (ग) सुरक्षा प्रबन्धों की व्यवस्था राज्य सरकार की जिम्मेदारी है ।

**Recruitment of qualified Harijan Engineers in Government under takings**

770. SHRI SHIV NARAIN SARSONIA: Will the DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE be pleased to state whether there is any proposal to absorb qualified Harijan Engineers, Mechanical, Civil and Electrical by recruiting them for our Government Undertakings and construction projects abroad?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGARWAL): Government's order on reservation of posts for candidates belonging to SC/ST have been extended to the Central Public Undertakings However, there is no proposal to recruit candidates belonging to these categories specially for construction projects abroad of public sector enterprises.

**Cases of Violation of certain Acts Registered against Foreigners**

771. SHRI DALPAT SINGH PARASTE: Will the DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE be pleased to state the number of cases under the Dangerous Drugs Act and the Violation of Foreign Exchange Regulation Act that have been registered against foreigners during the last six months?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGARWAL): Information is being collected and will be laid on the Table of the House.